मेरी झोली है खाली शेरावाली भजन लिरिक्स

मेरी झोली है खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली,
तेरे दर पे आया हूँ मैं,
तेरे दर पे आया हूँ मैं,
आज बनके सवाली,
मेरी झोली हैं खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली।bd।

बड़े बड़े दानव संहारणि,
भक्तो के हो क्लेश हारणी,
दस भुजा खप्पर कर धारिणी,
तेरी आरती सदा करूँ,
मेरी झोली हैं खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली।bd।

देख तेरे मंदिर की शोभा,
हुए आनंद मगन मन मोहा,
मंत्र आवाहन शोभा सोहा,
चहुँ दिशा गूंजे महामंत्र,
मेरी झोली हैं खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली।bd।

ऊँचे सिंहासन मैया विराजे,
ढोल मंजीरा पखावज बाजे,
ताली दे दे भक्ता नाचे,
देख नज़ारा लगे भली,
मेरी झोली हैं खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली।bd।

मेरी झोली है खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली,
तेरे दर पे आया हूँ मैं,
तेरे दर पे आया हूँ मैं,
आज बनके सवाली,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरी झोली हैं खाली शेरावाली,
तेरी महिमा निराली शेरावाली।bd।

स्वर – धीरज कान्त जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com